| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| The Savera Times | 22.05.2026 | -- | -- |

# Pedal to campus: CCS HAU observes 'No Vehicle Day' to follow PM Modi's green call

**MAHENDER GOYAL**
**HISAR, MAY 22**



In view of the appeal made by Prime Minister Narendra Modi for fuel saving, environmental protection and judicious use of energy resources, 'No Vehicle Day' was celebrated at ChaudharyCharan Singh Haryana Agricultural University on Friday. Under this campaign, all the officers, teachers, non-teaching staff and students of the university including Vice Chancellor Prof. Baldev Raj Kamboj reached their workplaces and educational institutions on foot, bicycle or other environment-friendly means instead of using government or private vehicles and gave the message of a meaningful step towards a clean environment, healthy life and a safe future. The Vice Chancellor described this initiative as an important step towards fuel conservation, pollution control and promoting healthy lifestyle. He said that the Prime Minister's appeal was not limited to saving fuel only, but it also gave the message of environmental protection and safeguarding natural resources for future generations. Events like 'No Vehicle Day' increased awareness among people about energy conservation and also helped in reducing carbon emissions and reduce traffic pressure. He expressed his commitment to organize such public awareness programs in future also. He said that fuel saving was a simple and effective means of serving the nation. If every citizen takes a pledge to save fuel, the country's economy will be strong, the environment will be safe and there will be an important contribution in building a self-reliant India.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23-5-26 | 3 | 3 |

## एचएयू में नो व्हीकल डे : पैदल व साइकिल से पहुंचे कर्मचारी-छात्र



हिसार| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील के अनुरूप शुक्रवार को नो व्हीकल डे मनाया गया। कुलपति बलदेव राज काम्बोज समेत अधिकारी, शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थी सरकारी व निजी वाहनों के बजाय पैदल, साइकिल और अन्य पर्यावरण-अनुकूल साधनों से कार्यालयों व कक्षाओं तक पहुंचे।

कुलपति ने कहा कि यह पहल ईंधन संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में प्रभावी कदम है। उनके अनुसार ऐसे आयोजनों से ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है, कार्बन उत्सर्जन घटता है और यातायात का दबाव भी कम होता है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23.5.26 | 7 | 1-3 |

# एचएयू में मनाया नो व्हीकल डे, पैदल पहुंचे वीसी

## ईंधन संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश

माई सिटी रिपोर्टर



आवास से कार्यालय आते कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज। स्रोत : प्रशासन

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से की गई अपील के चलते शुक्रवार को एचएयू में नो व्हीकल डे मनाया गया। कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज सहित विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी, विद्यार्थी सरकारी एवं निजी वाहनों का उपयोग न करते हुए पैदल, साइकिल या अन्य पर्यावरण-अनुकूल साधनों से अपने कार्यस्थलों एवं शिक्षण संस्थानों तक पहुंचे।

अभियान के तहत एक दिन बिना वाहन के- स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन और सुरक्षित भविष्य की ओर एक सार्थक कदम का संदेश भी दिया। कुलपति ने इस पहल को ईंधन संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील केवल ईंधन बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने का भी संदेश देती है।

'नो व्हीकल डे' जैसे आयोजनों से लोगों में ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भी सहायता मिलती है तथा यातायात के दबाव में कमी आती है। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि हर शुक्रवार को नो व्हीकल डे रहेगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23.5.26 | 5 | 7-8 |

## स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन सुरक्षित भविष्य की ओर एक सार्थक कदम : प्रो. काम्बोज

हिसार, 22 मई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन की बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा ऊर्जा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए की गई अपील के मद्देनजर शुक्रवार को एचएयू' में नो व्हीकल डे' मनाया गया। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज सहित विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थियों ने सरकारी एवं निजी वाहनों का उपयोग न करते हुए पैदल, साइकिल या अन्य पर्यावरण-अनुकूल साधनों से अपने कार्यस्थलों एवं शिक्षण संस्थानों तक पहुंचकर इस अभियान के तहत एक दिन बिना वाहन के-स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन और सुरक्षित भविष्य की ओर एक सार्थक कदम का संदेश भी दिया। कुलपति ने इस पहल को ईंधन संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील केवल ईंधन बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने का भी संदेश देती है। 'नो व्हीकल डे' जैसे आयोजनों से लोगों में ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भी सहायता मिलती है तथा यातायात के दबाव में कमी आती है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को अपने कार्यालयों व महाविद्यालयों में साइकिल या पैदल आने का आह्वान किया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 23.5.26 | 11 | 7-8 |



## शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को मिली जानकारी : प्रो. काम्बोज

हिसार। एचएयू में शुक्रवार को 'नो व्हीकल डे' मनाया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण की अपील के तहत आयोजित किया गया। कुलपति प्रोफेसर बी आर काम्बोज सहित अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने निजी व सरकारी वाहनों का उपयोग नहीं किया और पैदल, साइकिल व अन्य पर्यावरण-अनुकूल साधनों से अपने कार्यस्थलों तक पहुंचे। प्रो. काम्बोज ने कहा कि यह पहल स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवनशैली और सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रत्येक शुक्रवार को साइकिल या पैदल आने का आह्वान किया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 22.05.2026 | -- | -- |


# स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन और सुरक्षित भविष्य की ओर एक सार्थक कदम : प्रो. काम्बोज

## एचएयू में मनाया गया 'नो व्हीकल डे'



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 23 मई :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन की बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा ऊर्जा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए की गई अपील के मद्देनजर शुक्रवार को एचएयू' में नो व्हीकल डे' मनाया गया।

कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज सहित विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थियों ने सरकारी एवं निजी वाहनों का उपयोग न करते हुए पैदल, साइकिल या अन्य पर्यावरण-अनुकूल साधनों से अपने कार्यस्थलों एवं शिक्षण संस्थानों तक पहुंचकर इस अभियान के तहत् एक दिन बिना वाहन के-स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन और सुरक्षित भविष्य की ओर एक सार्थक कदम का संदेश भी दिया। कुलपति ने इस पहल को ईंधन संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील केवल ईंधन बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने का भी संदेश देती है। 'नो व्हीकल डे' जैसे आयोजनों से लोगों में ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भी सहायता मिलती है तथा यातायात के दबाव में कमी आती है।

उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ईंधन की बचत राष्ट्र सेवा का एक सरल और प्रभावी माध्यम है। प्रत्येक नागरिक यदि ईंधन बचाने का संकल्प ले, तो देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, पर्यावरण सुरक्षित रहेगा और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को अपने कार्यालयों व महाविद्यालयों में साइकिल या पैदल आने का आह्वान किया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दक्ष दर्पण | 22.05.2026 | -- | -- |

## स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन और सुरक्षित भविष्य की ओर एक सार्थक कदमः प्रो. काम्बोज



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन की बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा ऊर्जा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए की गई अपील के मद्देनज़र शुक्रवार को एचएयू' में नो व्हीकल डे' मनाया गया। कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज सहित विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थियों ने सरकारी एवं निजी वाहनों का उपयोग न करते हुए पैदल, साइकिल या अन्य पर्यावरण-अनुकूल साधनों से अपने कार्यस्थलों एवं शिक्षण संस्थानों तक पहुंचकर इस अभियान के तहत् एक दिन बिना वाहन के- स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन और सुरक्षित भविष्य की ओर एक सार्थक कदम का संदेश भी दिया। कुलपति ने इस पहल को ईंधन संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील केवल ईंधन बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने का भी संदेश देती है। 'नो व्हीकल डे' जैसे आयोजनों से लोगों में ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भी सहायता मिलती है तथा यातायात के दबाव में कमी आती है।

उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ईंधन की बचत राष्ट्र सेवा का एक सरल और प्रभावी माध्यम है। प्रत्येक नागरिक यदि ईंधन बचाने का संकल्प ले, तो देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, पर्यावरण सुरक्षित रहेगा और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को अपने कार्यालयों व महाविद्यालयों में साइकिल या पैदल आने का आह्वान किया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पवित्र भारत | 22.05.2026 | -- | -- |

# स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन और सुरक्षित भविष्य की ओर एक सार्थक कदमः प्रो. काम्बोज

## एचएयू में मनाया गया नो व्हीकल डे

पवित्र भारत ब्यूरो
हिसार (हरियाणा):

22 मई : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन की बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा ऊर्जा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए की गई अपील के मद्देनजर शुक्रवार को एचएयू में नो व्हीकल डे मनाया गया।

कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज सहित विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थियों ने सरकारी एवं निजी वाहनों का उपयोग न करते हुए पैदल, साइकिल या अन्य पर्यावरण-अनुकूल साधनों से अपने कार्यस्थलों एवं शिक्षण संस्थानों तक पहुंचकर इस अभियान के तहत एक दिन बिना वाहन के- स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन और सुरक्षित भविष्य की ओर एक



सार्थक कदम का संदेश भी दिया। कुलपति ने इस पहल को ईंधन संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील केवल ईंधन बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढि़ों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने का भी संदेश देती है। नो व्हीकल डे जैसे आयोजनों से लोगों में ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भी सहायता मिलती है तथा यातायात के दबाव में कमी आती है।

उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ईंधन की बचत राष्ट्र सेवा का एक सरल और प्रभावी माध्यम है। प्रत्येक नागरिक यदि ईंधन बचाने का संकल्प ले, तो देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, पर्यावरण सुरक्षित रहेगा और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को अपने कार्यालयों व महाविद्यालयों में साइकिल या पैदल आने का आह्वान किया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 23.5.26 | 11 | 7-8 |




## विद्यार्थियों ने शैक्षणिक संस्थानों का किया भ्रमण

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने इस दौरान शैक्षणिक संस्थानों में मृदा विज्ञान एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की जिसमें 30 एमएससी व पीएचडी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों एवं वैज्ञानिकों ने कुलपति के साथ मुलाकात कर भ्रमण से संबंधित तमाम जानकारी दी। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को नई तकनीकों, अनुसंधान कार्यों एवं आधुनिक उपकरणों की जानकारी मिलती है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23-5-26 | 5 | 7-8 |



कुलपति प्रो. बलदेव राज कांम्बोज विद्यार्थियों के साथ।

## हकृवि के मृदा विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक संस्थानों का किया भ्रमण

हिसार, 22 मई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने इस दौरान शैक्षणिक संस्थानों में मृदा विज्ञान एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की जिसमें 30 एमएससी व पीएचडी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों एवं वैज्ञानिकों ने कुलपति के साथ मुलाकात कर भ्रमण से संबंधित तमाम जानकारी दी। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को नई तकनीकों, अनुसंधान कार्यों एवं आधुनिक उपकरणों की जानकारी मिलती है। इससे टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का भी विकास होता है। विभिन्न संस्थाओं एवं विशेषज्ञों से संवाद के माध्यम से अनुभव और ज्ञान में वृद्धि होती है। भ्रमण से विद्यार्थियों में अनुशासन, समय प्रबंधन एवं सामाजिक व्यवहार की भावना विकसित होती है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार गोयल ने बताया कि विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान आईसीएआर-भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, वन अनुसंधान संस्थान तथा भारतीय मृदा एवं भूमि उपयोग सर्वेक्षण संस्थान देहरादून, केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल; जी.बी. पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, ऋषिकेश तथा जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं, मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं, अनुसंधान फार्मों एवं प्रायोगिक क्षेत्र का अवलोकन कर आधुनिक तकनीक एवं अनुसंधान कार्यों की जानकारी प्राप्त की। मृदा विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. दिनेश तोमर ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों के साथ सहायक प्रोफेसर डॉ. हरदीप सिंह श्यौराण, सहायक वैज्ञानिक डॉ. सीमा श्योराण तथा जूनियर एग्रोनॉमिस्ट डॉ. मुली देवी परिहार मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 22.05.2026 | -- | -- |

# देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण कर लौटे हकृवि के मृदा विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने वीसी से की मुलाकात



नभ-छोर न्यूज ▶▶| 22 मई

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने इस दौरान शैक्षणिक संस्थानों में मृदा विज्ञान एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की जिसमें 30 एमएससी व पीएचडी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों एवं वैज्ञानिकों ने कुलपति के साथ मुलाकात कर भ्रमण से संबंधित जानकारी दी। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को नई तकनीकों, अनुसंधान कार्यों एवं आधुनिक उपकरणों की जानकारी मिलती है। इससे टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का भी विकास होता है। विभिन्न संस्थाओं एवं विशेषज्ञों से संवाद के माध्यम से अनुभव और ज्ञान में वृद्धि होती है।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार गोयल ने बताया कि विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान आईसीएआर-भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, वन अनुसंधान संस्थान तथा भारतीय मृदा एवं भूमि उपयोग सर्वेक्षण संस्थान देहरादून, केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल; जी.बी. पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, ऋषिकेश तथा जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं, मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं, अनुसंधान फार्मो एवं प्रायोगिक क्षेत्र का अवलोकन कर आधुनिक तकनीक एवं अनुसंधान कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

मृदा विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. दिनेश तोमर ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों के साथ सहायक प्रोफेसर डॉ. हरदीप सिंह श्योराण, सहायक वैज्ञानिक डॉ. सीमा श्योराण तथा जूनियर एग्रोनॉमिस्ट डॉ. मुली देवी परिहार मौजूद रहे।